BSNL EMPLOYEES UNION

Main Recognised Representative Union in BSNL

(Regd. under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No. 4896)

B.S. RAGHUWANSHI
Circle President

BSNLEU

PRAKASH SHARMA
Circle Secretary

No. BSNLEU/MP Circle/Conference/3 **Dated : 11.12.2017**

परिमंडल अधिवेशन दिनांक 23.12.2017 एवं 24.12.2017

स्थान – श्री मनोरमा गार्डन, शैलू कम्पाउण्ड, अरविन्द नगर के सामने, हीरा मिल रोड़, उज्जैन

सभी माननीय जिला सचिव एवं सीईसी पदाधिकारियों के लिये

सूचना एवं निवेदन

- ★ दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन 23.12.2017 को प्रात: 11 बजे **कॉम. पी. अभिमन्यु** महासचिव करेंगे। शुभारंभ के पूर्व 10.30 बजे झंडावंदन होगा।
- ★ 24 दिसंबर 2017 को परिमंड़ल अधिवेशन के दौरान सेमिनार भी होगा। सेमिनार का विषय, मुख्य अतिथि, प्रमुख वक्ता आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी आमंत्रण पत्र में है। आमंत्रण पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- ★ यूनियन संविधान के प्रावधान अनुसार सभी जिला सचिव परिमंडल अधिवेशन व सेमिनार हेतु डेलीगेट व ऑब्जर्वर का चयन करें।
- ★ सेक्रेटरिएट की मीटिंग में डेलीगेट फीस रुपये 800/– प्रति डेलीगेट निर्धारित की गई है। बढती मंहगाई व जीएसटी को दृष्टिगत रखकर इस राशि का आंकलन किया गया है।
- ★ आवेदन करने पर विशेष आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।
- ★ जिला सचिव अपने डेलीगेट्स व पर्यविक्षकों की संख्या एवं आगमन–प्रस्थान की जानकारी 15.12.2017 तक आवश्यक रुप से **कॉम. मनोज शर्मा, महासचिव, स्वागत समिति को मोबाईल नं. 9424811999** पर सूचित करें। सुचारु व्यवस्थाओं हेतु यह जानकारी निर्धारित दिनांक तक प्रेषित करने का विशेष अनुरोधहै।
- ★ महिला साथियों की संख्या व उनके आगमन प्रस्थान की जानकारी पृथक रुप से कॉम. मनोज शर्मा को सूचित करें। इस जानकारी से उनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रुप से करना सहज होगा।
- ★ परिमंडल अधिवेशन 23.12.2017 को सुबह 10.30 बजे शुरु होगा एवं 24.12.2017 को रात्रि 9.00 बजे तक जारी रहेगा। तदनुसार आगमन–प्रस्थान हेतु रिजर्वेशन करवाएँ। समय पर उपस्थिति की अनिवार्यता का अनुरोध है।
- ★ दिनांक 23.12.2017 को रात्रि 8.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।
- ★ कार्यक्रम स्थल **श्री मनोरमा गार्डन, शैलू कम्पाउण्ड, अरविन्द नगर के सामने, हीरा मिल रोड़, उज्जैन** पर सहजता से पहुँचने के लिए उचित मार्ग के मार्गदर्शन हेतु का. मनोज शर्मा, महासचिव, स्वागत समिति से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम स्थल श्री मनोरमा गार्डन रेल्वे स्टेशन से मात्र 1.4 कि.मी. की दूरी पर है।
- ★ उज्जैन के दर्शनीय स्थलों की सूची स्वागत समिति उपलब्ध कराएगी।
- ★ आपके लिए आवास व्यवस्था 23.12.2017 सुबह 7.00 बजे से 25.12.2017 सुबह 7.00 बजे तक रहेगी।
- ★ यह हमारा अपना आयोजन है। इसकी सफलता में आपका सहयोग, योगदान अपेक्षित है। सुझावों का भी स्वागत है।
- ★ **आपकी यात्रा सुखद हो ....**
- ★ **परिमंडल अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो ....**
- ★ **इन्ही शुभकामनाओं के साथ .... एवं आदर सहित....**

प्रकाश शर्मा
परिमंडल सचिव